# एचबीटीयू में लगेगा पूर्व छात्रों का मजमा

## दो दिवसीय 15वीं अंतरराष्ट्रीय एल्युमिनाई मीट की शुरुआत आज से होगी

जागरण संवाददाता, कानपुर : हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विवि में शनिवार व रविवार को पूर्व छात्रों का मजमा लगेगा। 1969 बैच के 16 छात्र जहां गोल्डन जुबली (50 साल पूरे होने पर) का जश्न मनाएंगे तो वहीं 1995 बैच के 90 छात्र 25 साल पूरे होने पर मौजूदा छात्रों के साथ क्रिकेट मैच खेलेंगे।

मौका होगा दो दिवसीय 15वीं अंतरराष्ट्रीय एल्युमिनाई मीट का। शुक्रवार को वार्ता कर यह जानकारी एल्युमिनाई एसोसिएशन एचबीटीआइ के अध्यक्ष डॉ. ओंकार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि इस मीट में 200 से अधिक पूर्व छात्र-छात्राएं पहुंचेंगे। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में उच्च शिक्षा राज्यमंत्री नीलिमा कटियार रहेंगी, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में 1948 बैच के पूर्व छात्र अदम स्वरूप खन्ना होंगे। पहले दिन 1969 बैच के छात्र रहे प्रो. केडीपी निगम (पूर्व प्रो. आइआइटी दिल्ली) व 1980 बैच के डॉ. आशुतोष कर्नाटक को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड दिया




एचबीटीयू में प्रेसवार्ता करते एल्युमिनाई एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रो. ओंकार सिंह साथ में सचिव बलराम उपाध्याय, प्रो. आरके तिवारी व प्रो. रघुराज सिंह ● जागरण

जाएगा। जबकि 2003 बैच के छात्र रहे विवेक कुमार सिंह को यंग अचीवर अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा एल्युमिनाई एसोसिएशन की ओर से एचबीटीयू के शताब्दी समारोह (1921 में हुई थी स्थापना) तक लगातार कार्यक्रम होंगे।

यहां सचिव बलराम उपाध्याय, एचबीटीयू कोआर्डिनेटर प्रो. आरके त्रिवेदी, राधाकांत जायसवाल समेत अन्य सदस्य मौजूद रहे।

**संपर्क कार्यक्रम से जुड़ रहे पूर्व छात्र:** एल्युमिनाई एसोसिएशन एचबीटीआइ के सदस्य राधाकांत जायसवाल ने बताया कि एसोसिएशन की ओर से शुरू किए गए संपर्क कार्यक्रम द्वारा मौजूदा समय के 400 से अधिक छात्र-छात्राएं 150 पूर्व छात्र-छात्राओं से वैश्विक स्तर पर जुड़े हुए हैं। सचिव बलराम उपाध्याय ने बताया इस मीट में तीन छात्र-छात्राओं को (सभी द्वितीय वर्ष) को 30 हजार रुपये सालाना की छात्रवृत्ति दी जाएगी।

### समारोह

- 1969 बैच व 1995 बैच के छात्र मनाएंगे 50 व 25 साल का जश्न
- प्रो. केडीपी निगम व डॉ. आशुतोष को मिलेगा लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड

### वेस्ट कैंपस में पूर्व छात्रों ने बनवाया पार्क

1995 बैच के पूर्व छात्रों ने एचबीटीयू के वेस्ट कैंपस में लाखों रुपये से पार्क बनवाया है। इस पार्क में वह शनिवार को घूमेंगे। 60 छात्र-छात्राओं ने इसके लिए धन एकत्रित किया और एचबीटीयू से मिली जगह पर पार्क बनवा दिया। इसे पूर्व छात्रों की स्मृति में तैयार किया गया है।